तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

हिम्मत सिंह गहलोत

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)

सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353710828903400

10/10/25

अपीलार्थी हिम्मत सिंह गहलोत निवासी सुलिया बाग चोखा बाइपास रोड, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 14.08.2025 को दिनांक 19.07.2025 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पत्र क्रमांक– भा. रा. रा. प्रा/प का ई–जोधपुर/2025/सड़क सुरक्षा/आमजन/2118 के माध्यम से जिला कलक्टर जोधपुर को राष्ट्रीय राजमार्ग 125 ए पर बिना एनओसी के चल रहे व्यापारिक गतिविधि को बंद करवाने एवं अवैध रूप से स्थापित धर्मकांटा तथा नियम विरुद्ध संचालित धर्मकांटा को हटाने हेतु आवश्यक पुलिस सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया ताकि संचालित धर्मकांटों को हटा कर सड़क उपयोगकर्ताओं को यातायात असुविधा से बचाना एवं दुर्घटना रहित राजमार्ग उपलब्ध किया जा सके के संबंध में पत्र व्यवहार किया गया उक्त पत्र के संदर्भ में आप जिला कलक्टर द्वारा क्या कार्यवाही की गई उसका सम्पूर्ण विवरण सत्यापित प्रतिलिपि से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) जरिये पत्रांक 980 दिनांक 17.09.2025 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रार्थी को कार्यालय के पत्र राजकाज रेफ. 17731494 दिनांक 15.09.2025 से उपलब्ध कराई गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.10.10 16:39:47 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
18272263